महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAAC A^{++} Accredited; ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि./कु.स.का./2026/421 दिनांकः 28.10.2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबंधक/नोडल अधिकारी
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।

विषयः **Bharat BoudhIKS 2.0 राष्ट्रीय परीक्षा–2026 में अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं पंजीकरण की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या –1556/सत्तर–1–2026 दिनांक 14.10.2026 एवं उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ के पत्रांक 990/रा.उ0शि0प./12/26 दिनांक 14.10.2026 के क्रम में अवगत कराना है कि Bharat BoudhIKS 2.0 राष्ट्रीय परीक्षा–2026 में प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है।

उक्त राष्ट्रीय परीक्षा में कला, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान से सम्बन्धित विषयवस्तु सम्मिलित है। इसमें स्नातक एवं स्नाकोत्तर स्तर के विद्यार्थी भाग ले सकते है। परीक्षा दिनांक 21 नवबर, 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। संस्थानों का पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, 2026 निर्धारित है।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियो को उक्त राष्ट्रीय परीक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों का https://bharatboudhiks.com/ पर पंजीकरण सुनिश्चित कराएं तथा पंजीकरण अभ्यर्थियों की सूचना नीचे दिये गये Google Form लिंक के माध्यम से प्रतिदिन सांय 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि विश्वविद्यालय स्तर पर समेकित सूचना तैयार कर शासन को प्रेषित की जा सके।

Google Form Link:
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScMOSib-kCkx8L_GUed56LY9hsmcwoObw6WqrbDCdry635ePg/viewform?usp=publish-editor

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सुश्री गरिमा अग्रवाल, सहायक कुलसचिव को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्य की नियमित एवं गंभीरतापूर्वक निगरानी करते हुए पंजीकरण की संख्या महाविद्यालयों से प्राप्त कर निदेशालय (उच्च शिक्षा) द्वारा जारी गूगल फार्म को पूरित कराते हुए शासन को प्रतिदिन प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।
2. श्री मानव शुक्ला, प्रधान सहायक, सम्बद्धता को इस आशय से प्रेषित कि सुश्री गरिमा अग्रवाल, सहायक कुलसचिव के निर्देशन में समन्वय स्थापित करते हुए उक्त कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाइट।
5. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।

कुलसचिव